विषय– हिन्दी　　　　　　　　　　कक्षा– 3　　　　　　　　　　टर्म– 3

पाठ/अवधारणा/थीम/घटक पाठ 14 अब बहुत बह चुका पानी　　　　　　　　　　दिनांक .... से ....तक

शिक्षण आकलन योजना

समूह 1 के बच्चों के रोल नं0　　　　　　समूह 2 के बच्चों के　　　　　　तैयारकर्ता:– कृष्ण मुरारी श्रैष्ठी

सम्पूर्ण कक्षा के लिए शिक्षण अधिगम उद्देश्य :–

1. नवीन शब्दों का जानकारी करना तथा उनका अनुप्रयोग करना। 2. पारम्परिक कहानी का कविता के मूल भाव से तुलना करना। 3. गलतियों से सीखकर काम करने की समझ बनाना। 4. कल्पना शक्ति का विकास करना।

सम्पूर्ण कक्षा के लिए प्रस्तावित गतिविधियॉ	सतत आकलन योजना	समीक्षा एवं अनुभव
(सामूहिक ; उपसमूह एवं व्यक्तिगत)		(बच्चों की सहभागिता/कठिनाई एवं योजना में बदलाव के बारे में)
सामूहिक कार्य– 1. अध्यापक बालको से पाठ में दिए चित्रों का अवलोकन करने का निर्देश देगा। बालक देख–कर अपनी–अपनी अभिवयक्ति देगें उसी से शिक्षक कविता का मूल भाव समझाएगा। 2. अध्यापक द्वारा हाव–भाव से वाचन एवं कठिन शब्दों का अर्थग्रहण करवाना। 3. बालकों से प्रश्न पूछकर श्यामपट्ट पर उनके जवाब लिखना जैसे:– 1. कौआ चोंच में क्या लेकर आया था ? 2. गरदन ऊँची कर लोमड ने क्या कहा ? आदि।	देखकर समझाना एवं कल्पना शक्ति के विकास का आकलन करना	साप्ताहिक ....से ....तक
उपसमूह कार्य– 1. उपसमूह में बालकों से संवादात्मक अभिनय द्वारा कविता का वाचन करवाना। 2. 'अब तक बहुत बह चुका पानी' इस शीर्षक के अलावा दुसरा क्या हो ? चर्चा कर लिखे । 3. कविता को पढकर आपको क्या–क्या सीखने को मिला आपस में चर्चा कर लिखें।	अभिनय द्वारा की गई गतिविधि को दर्ज करना	
व्यक्तिगत कार्य– 1. प्रत्तेक बालक कविता को लय–ताल से पढेगा। 2. बालकों से शिक्षक पाठ में दिए अभ्यास कार्य को करने का निर्देश देगा। 3. पाठ में आए विशेषण शब्दों की सूची बनाना।	बालक द्वारा किए गए कार्यो की जाँच करना तथा टिप्पणी करना	

http://rajteachers.com/cce.php

समूह 1 के लिए क्षमता संवर्धन योजना :–	बालक की अपेक्षित प्रगति दर्ज करना	पाक्षिक ————से ————तक
1. बालकों से कविता का सार अपने शब्दों में लिखने का निर्देश देना। 2. कविता हमें जीवन के लिए क्या – क्या सीख मिली उसके बारे में अपने विचार लिखें 3. कविता याद कर कक्षा में सुनाना।		
समूह 2 के लिए उद्देश्य –		
1. बालक धारा–प्रवाह से कविता का वाचन कर सकेगें। 2. पाठ में आए नवीन शब्दों की जानकारी करना। 3. अर्थग्रहण कर प्रश्नों के उत्तर देना।		
समूह 2 के लिए आवश्यकतानुसार शिक्षण योजना (सामूहिक ; उपसमूह ; व्यक्तिगत)		
सामूहिक कार्य–	हाव–भाव एवं उच्चारण की गति को दर्ज करना	
1. अध्यापक कविता का वाचन करेगा तथा बालकों को भी अपनी अँगुली रखकर वाचन करने का निर्देश देगा। कठिन शब्दों को श्यामपट्ट पर लिखकर बार–बार उच्चारण करवाना। 2. प्रश्न पूछना जैसे:– 1. कौए की चोंच में क्या थी ? 2. प्रभाती का अर्थ क्या होता है ?		
उपसमूह में कार्य–	कविता के मूल भाव को कहानी में बदलनें का आकलन करना	
1. कविता का अलग–अलग खण्ड पढने का निर्देश देना। 2. कविता का पढा गया खण्ड मे से शिक्षक प्रश्न लिखेगा उनके उत्तर बालको से करवाना। 3. बालकों के प्रततेक समूह द्वारा कविता का कहानी के रूप में प्रस्तुतिकरण करना।		
व्यक्तिगत कार्य–	बालक के अपेक्षित स्तर एवं कार्य की जाँच करना	
1. बालकों से कविता का धारा–प्रवाह गति से वाचन करने का निर्देश देना। 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति करना पाठ्य पुस्तक के पृष्ठ संख्या 81 पर कार्य करना।		
पाक्षिक योजना में अधिगम उपलब्धि –	संस्था प्रधान का अभिमत :–	

http://rajteachers.com/cce.php